उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 23.10.2024

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री पलाश बंसल द्वारा पुलिस कार्यालय महोबा में जनसुनवाई की गई, फरियादियों की समस्याओं को सुनकर निस्तारण के दिए निर्देश।







आज दिनांक- 23.10.2024 को पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री पलाश बंसल द्वारा जनपदवासियों को उनकी समस्याओं के निस्तारण व उनको त्वरित न्याय दिलाये जाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक कार्यालय महोबा में जनसुनवाई की गयी।

पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा जनसुनवाई को अधिक प्रभावी एवं पारदर्शी बनाते हुये पीड़ितों से एक-एक करके उनकी समस्याओं को गम्भीरता पूर्वक सुना गया है। जनसुनवाई के दौरान जो भी फरियादी अपनी शिकायत/समस्याओं के समाधान की उम्मीद के साथ पुलिस अधीक्षक महोबा के समक्ष आये थे उन सभी की समस्याओं को सुनकर उनका गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किये/कराये जाने का आश्वासन दिया गया है।

पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा प्राप्त हुई शिकायत के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किये जाने हेतु सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं।

उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

**प्रेस विज्ञप्ति**
**दिनांक – 23.10.2024**

# महोबा पुलिस

**मीडिया सेल, महोबा**

## 'मिशन शक्ति' फेज-5.0 के तहत महिलाओं/बालिकाओं से वार्ता कर विभिन्न हेल्पलाइन नम्बरों एवं महिला केन्द्रित विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए स्वयं की सुरक्षा हेतु किया गया जागरुक-


उत्तर प्रदेश शासन द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं के सुरक्षार्थ व स्वालंबन हेतु चलाये जा रहे मिशन शक्ति अभियान फेज- 5.0 के तहत नारी सशक्तिकरण की कार्यवाही के अनुक्रम में आज दिनांक- 23.10.2024 को पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री पलाश बंसल के निर्देशन में तथा अपर पुलिस अधीक्षक श्रीमती वन्दना सिंह के निकट पर्यवेक्षण में जनपद महोबा में नारी सुरक्षा, नारी सम्मान एवं नारी स्वावलंबन हेतु जनपद के समस्त थाना क्षेत्रो में महिला पुलिसकर्मी (शक्ति दीदी) द्वारा शहरी एवं ग्रामीण अंचलों में जाकर भीड़-भाड़ वाले इलाकों, कस्बों, गाँवों में चौपाल लगाकर महिलाओं/बालिकाओं/छात्र-छात्राओं को स्वयं की सुरक्षा हेतु विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों के बारे में जैसे- वुमेन पावर लाइन **1090,** महिला हेल्पलाइन **181,** मुख्यमंत्री हेल्पलाइन **1076,** पुलिस आपातकालीन सेवा **112,** चाइल्ड हेल्पलाइन **1098,** स्वास्थ्य सेवा **102** एम्बुलेंस सेवा **108** व साइबर हेल्पलाइन **1930** तथा थानों के सीयूजी नम्बर आदि के बारे जानकारी देते हुए **24** घण्टे पुलिस सहायता प्रदान किये जाने व थानों में स्थापित महिला हेल्प डेस्क के सम्बन्ध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गयी तथा महिला अपराध आदि की जानकारी देते हुए उनके अधिकारों के प्रति जागरुक किया गया तथा सरकार द्वारा जारी विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं- सुरक्षित मातृत्व आश्वासन (सुमन) योजना, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, अभ्युदय योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना, राष्ट्रीय पोषण मिशन योजना, आयुष्मान योजना आदि के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी दी गयी एवं साथ ही साइबर अपराधों के बारें में साइबर हेल्पलाइन-**1930** की जानकारी देकर किया गया जागरुक ।











उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

# महोबा पुलिस

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 23.10.2024

मीडिया सेल, महोबा

## पुलिस अधीक्षक द्वारा उपनिरीक्षक नागरिक पुलिस के पद पर प्रमोशन पाये 15 मुख्य आरक्षियों के कंधे पर स्टार लगा कर दी गयी पदोन्नति...।

जनपद महोबा पुलिस में तैनात कुल 15 मुख्य आरक्षी प्रोन्नत होकर उपनिरीक्षक हो गये हैं, इस अवसर पर आज दिनांक-23.10.2024 को पुलिस कार्यालय महोबा में समारोह का आयोजन कर पुलिस अधीक्षक महोबा श्री पलाश बंसल द्वारा मुख्य आरक्षी नागरिक पुलिस पद से उपनिरीक्षक नागरिक पुलिस के पद पर पदोन्नत हुए पुलिस कर्मियों को उनके कंधे पर प्रतीक चिन्ह स्टार लगाकर पदोन्नति प्रदान की गयी तथा सभी के उज्जवल भविष्य के लिये शुभकामनाएं दी गयी साथ ही नयी जिम्मेदारियों के साथ सामुदायिक पुलिसिंग के माध्यम से अपने कर्तव्यों के निर्वहन व जनता के साथ मधुर व्यवहार करने के लिये प्रेरित किया गया।

इस दौरान क्षेत्राधिकारी नगर दीपक दुबे, पीआरओ अरविन्द सिंह गौर सहित पदोन्नत पाये हुए उ0नि0 गण मौजूद रहे।










@MahobaPolice

# महोबा पुलिस



## अपर पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा थाना खरेला का औचक निरीक्षण किया गया, थानाक्षेत्र में पैदल गस्त कर एरियाडोमिनेशन करते हुए सुरक्षा व्यवस्था का लिया गया जायजा, स्थानीय लोगों/व्यापारियों से संवाद कर अपने प्रतिष्ठानों में CCTV कैमरा लगाए जाने की अपील की गई...।

अपर पुलिस अधीक्षक महोबा, श्रीमती वन्दना सिंह द्वारा दिनांक- 22.10.2024 की देर रात्रि में थाना खरेला का औचक निरीक्षण किया गया है।

इस औचक निरीक्षण के दौरान थाना कार्यालय के अभिलेखों, बैरिक, मैस, मालखाना, हवालात, महिला हेल्पडेस्क, साइबर हेल्प डेस्क, कंप्यूटर कक्ष इत्यादि का निरीक्षण, थाना परिसर का भ्रमण कर साफ-सफाई का निरीक्षण, लम्बित मामलों का निरीक्षण कर सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये हैं। स्थानीय पुलिस कर्मियों से वार्ता कर उनके कार्यों की समीक्षा की गई है साथ ही उनको बीट बुक अपडेट रखने व महिला बीट आरक्षियों को थाना क्षेत्र के ग्रामीण अंचलों में जाकर महिला सशक्तिकरण अभियान के व्यापक प्रचार प्रसार में तेजी लाये जाने के निर्देश दिये गये हैं।

अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा थाना क्षेत्र में शान्ति एवं सुदृढ़ कानून व्यवस्था के दृष्टिगत प्रभावी पैदल गस्त कर एरियाडोमिनेशन करते हुए सुरक्षा व्यवस्था का भौतिक सत्यापन किया गया है। इस दौरान स्थानीय लोगों से संवाद कर सुरक्षित परिवेश का एहसास कराया गया साथ ही स्थानीय व्यापारियों से सुरक्षा के दृष्टिगत अपने-अपने प्रतिष्ठानों में सीसीटीवी कैमरा लगाये जाने की अपील की गयी है।

इस अवसर पर थानाध्यक्ष खरेला सत्यवेन्द्र सिंह भदौरिया सहित थाना स्थानीय पर नियुक्त समस्त अधि0/कर्मचारीगण मौजूद रहे।



उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक – 23.10.2024

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## थाना कुलपहाड़ की पुलिस टीम ने एक नफर वारण्टी अभियुक्त को किया गिरफ्तार-




पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री पलाश बंसल के निर्देशन में जनपद महोबा में आगामी त्यौहारों के दृष्टिगत अपराध की रोकथाम हेतु आपराधिक घटनाओं को अंजाम देने वाले अभियुक्तों के विरुद्ध चलाये जा रहे सघन चेकिंग/गिरफ्तारी अभियान के अनुपालन में आज दिनांक- 23.10.2024 को अपर पुलिस अधीक्षक श्रीमती वन्दना सिंह व क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ श्रीमती हर्षिता गंगवार के निकट पर्यवेक्षण में थाना कुलपहाड़ प्रभारी निरीक्षक श्री अर्जुन सिंह द्वारा गठित की गई उ0नि0 दिनेश सिंह मय हमराह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने 01 नफर वारण्टी अभियुक्त धर्मेन्द्र परिहार पुत्र राजू परिहार निवासी ग्राम सतारी थाना कुलपहाड़ जनपद महोबा सम्बन्धित वाद संख्या 64/2023 अ0सं0 307/2024 धारा 323/504/506 व 3(1)द, ध 3(2)5 क एससी/एसटी एक्ट के वारण्टी अभियुक्त को ग्राम सतारी से नियमानुसार गिरफ्तार कर सम्बन्धित मा0 न्यायालय के समक्ष पेशी हेतु भेजा गया है।

**गिरफ्तार वारंटी अभियुक्त का विवरण:-**

धर्मेन्द्र परिहार पुत्र राजू परिहार निवासी ग्राम सतारी थाना कुलपहाड़ जनपद महोबा

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम का विवरण:-**

1. उ0नि0 दिनेश सिंह
2. का0 राजेश सिंह

उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 23.10.2024

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## थाना चरखारी की पुलिस टीम ने सार्वजनिक स्थान पर हार-जीत की बाजी लगा जुआ खेल रहे 03 नफर अभियुक्तों को किया गिरफ्तार-

पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री पलाश बंशल के निर्देशन में जनपद महोबा में अपराध की रोकथाम हेतु अवैध जुआ/सट्टा पर प्रभावी रोक एवं ऐसे क्रियाकलापों में शामिल अभियुक्तों की चेकिंग एवं उनकी गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अनुपालन में आज दिनांक- 23.10.2024 को अपर पुलिस अधीक्षक, श्रीमती वन्दना सिंह व क्षेत्राधिकारी चरखारी श्री रविकान्त गौड़ के निकट पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष चरखारी गणेश कुमार द्वारा गठित की गई उ.नि.भूपेन्द्र सिंह मय हमराह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने थानाक्षेत्र के अन्नपूर्णा भवन (राशन कोटा) के पीछे वहद ग्राम गुढ़ा के पास सार्वजनिक स्थान पर हार-जीत की बाजी लगा जुआ खेल रहे 03 नफर अभियुक्त गण क्रमशः 1.मुकेश राजपूत पुत्र रामजीवन राजपूत उम्र करीब 36 वर्ष 2.धर्मपाल राजपूत पुत्र शिवचरन राजपूत उम्र करीब 45 वर्ष 3.रामकुमार पुत्र जगनापाल उम्र करीब 40 वर्ष निवासीगण ग्राम गुढ़ा थाना चरखारी जनपद महोबा को हिरासत में लिया है, जिनसे मालफड़ 2200 रू. व 52 अदद ताश पत्ते व जामातलाशी 750 रू0 कुल 2950/- रूपया की बरामदगी की गयी है। बरामदगी के आधार पर अभियुक्तों के विरुद्ध थाना चरखारी में मु0अ0सं0 257/2024 धारा 13 G एक्ट पंजीकृत कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की गई ।

**गिरफ्तार करने वाली टीम-**

**1.** उ.नि.भूपेन्द्र सिंह
**2.** का.मो.कामिल **3.**का.कुलदीप सिंह
**4.** कां0 पवन कुमार थाना चरखारी जनपद महोबा

**गिरफ्तार अभियुक्त –**

1.मुकेश राजपूत पुत्र रामजीवन राजपूत उम्र करीब 36 वर्ष
2. धर्मपाल राजपूत पुत्र शिवचरन राजपूत उम्र करीब 45 वर्ष
3.रामकुमार पुत्र जगनापाल उम्र करीब 40 वर्ष
निवासीगण ग्राम गुढ़ा थाना चरखारी जनपद महोबा

**बरामदगी-**

मालफड़ 2200 रू. व 52 अदद ताश पत्ते जामातलाशी 750 रू0 कुल 2950/- रूपया



# महोबा पुलिस

**प्रेस विज्ञप्ति**
**दिनांक – 23.10.2024**

**मीडिया सेल, महोबा**

## आगामी त्यौहारों के दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक महोबा के निर्देशन पर अग्निशमन टीम द्वारा आतिशबाज की दुकानों का औचक निरीक्षण कर सुरक्षा मानकों को परखा गया, सुरक्षा के सम्बन्ध में दिए गए आवश्यक दिशा-निर्देश-

पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री पलाश बंसल के निर्देशन में आगामी आने वाले धनतेरस एवं दीपावली पर्व के मद्देनजर जनपदवासियों को सुरक्षित परिवेश उपलब्ध कराये जाने उद्देश्य से आज दिनांक- 23.10.2024 को प्रभारी अग्निशमन अधिकारी महोबा श्री देवेश तिवारी के नेतृत्व में उनकी टीम द्वारा आतिशबाजी विक्रय/निर्माण एवं भंडारण स्थलों का प्रभारी अग्निशमन अधिकारी द्वारा निरीक्षण किया गया तथा आतिशबाजी/पटाखा विक्रय/भंडारण/निर्माण स्थलों पर उपस्थित दुकानदारों एवं स्टाफ को अग्निशमन उपकरणो को चलाए जाने हेतु प्रशिक्षण/जानकारी दी गई तथा लाइसेंसिंग क्षमता के अनुसार रखे जाने हेतु निर्देशित करते हुए मानकों के अनुसार अग्नि सुरक्षा व्यवस्था को सदैव क्रियाशील दशा में रखने हेतु निर्देशित करते हुए जागरुकता पंपलेट के माध्यम से जागरूक किया गया, इसके अतिरिक्त अग्निशमन उपकरण लगाने हेतु एवं सुरक्षा के मानकों को पूर्ण करने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए हैं, जिससे पर्व के दौरान किसी भी प्रकार की आग दुर्घटना की संभावना को खत्म किया जा सके।





उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक – 23.10.2024

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## पुलिस अधीक्षक महोबा के निर्देशन में यातायात पुलिस टीम ने चलाया अभियान, सड़क दुर्घटनाओं में अंकुश हेतु यातायात नियमों का पालन सुनिश्चित किये जाने के सम्बन्ध में दिए आवश्यक निर्देश।


पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री पलाश बंसल के निर्देशन में जनपद महोबा में सड़क दुर्घटनाओं में प्रभावी रोकथाम के लिए चलाये जा रहे यातायात जागरुकता कार्यक्रमों की श्रृंखला के क्रम में आज दिनांक- 23.10.2024 को प्रभारी यातायात महोबा श्री सुनील कुमार सिंह के नेतृत्व में यातायात पुलिस द्वारा चेकिंग अभियान चलाकर माल वाहक वाहनों मे अधिक सवारियाँ ले जाना, ड्रिंक एंड ड्राइव, बिना हेलमेट, बिना सीट बेल्ट, दो पहिया वाहनों पर तीन सवारी, दोष पूर्ण नम्बर प्लेट आदि की चेकिंग की गई एवं यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया गया।

सड़क दुर्घटना की रोकथाम हेतु ट्रैक्टर ट्रॉली इत्यादि माल वाहक वाहनों में सवारी बैठाकर यात्रा करने वाले वाहन चालकों को रोककर इससे होने वाली दुर्घटनाओं के प्रति जागरुक किया गया साथ ही सवारी वाहन उपलब्ध कराते हुए उसमें बैठे लोगों को उनके गंतव्य के लिये रवाना किया गया। इस दौरान सम्बन्धित वाहन स्वामी के विरुद्ध नियमानुसार चालान की कार्यवाही की गयी है।

जनपदीय पुलिस की इस कार्यवाही से जनपद महोबा में सड़क दुर्घटनाओं में निश्चित रुप से कमी आयेगी।









उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 23.10.2024

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## थाना कोतवाली नगर महोबा की पुलिस टीम ने जानलेवा हमला करने वाले आरोपी अभियुक्त को किया गिरफ्तार, भेजा जेल-

पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री पलाश बंशल के निर्देशन में जनपद महोबा में अपराध की रोकथाम एवं अपराधिक घटनाओं को कारित करने वाले वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अनुपालन में अपर पुलिस अधीक्षक श्रीमती बन्दना सिंह व क्षेत्राधिकारी नगर श्री दीपक दुबे के निकट पर्यवेक्षण में थाना कोतवाली महोबा प्रभारी निरीक्षक श्री नरेन्द्र प्रताप सिंह द्वारा गठित की गई उ0नि0 सुजीत कुमार जायसवाल के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा थाना कोतवाली नगर महोबा में मारपीट एवं जानलेवा हमला किये जाने की घटना पर पंजीकृत मु0अ0सं0 538/24 धारा 74/351(3)/115(2)/126(2)/109 बी.एन .एस के नामजद वांछित अभियुक्त नईम पुत्र अब्दुल वहीद उम्र करीब 22 वर्ष निवासी मुहल्ला भटीपुरा थाना कोतवाली नगर जनपद महोबा को शालीमार पैलेस रोड ऑफीसर्स कालोनी के पास से नियमानुसार गिरफ्तार किया गया है जिसके कब्जे से आलाकत्ल एक अदद स्टील/लोहे की राड बरामद किया गया है, प्रकरण में सम्बन्धित मजरूब की दौराने उपचार दुःखद मृत्यु हो जाने पर मुकदमा उपरोक्त में धाराओं की वृद्धि कर अभियुक्त उपरोक्त को माननीय न्यायालय के समक्ष पेशी के उपरान्त जेल भेजा गया है।

### गिरफ्तार अभियुक्त व बरामदगी-

नईम पुत्र अब्दुल वहीद उम्र करीब 22 वर्ष निवासी मुहल्ला भटीपुरा थाना कोतवाली नगर जनपद महोबा, आलाकत्ल 01 अदद लोहे/स्टील की राड।

### गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीमः-

1. उ0नि0 सुजीत कुमार जायसवाल चौकी प्रभारी भटीपुरा थाना कोतवाली महोबा
2. हे0का0 करम शेर खां थाना कोतवाली नगर जनपद महोबा



प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 23.10.2024

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

पुलिस अधीक्षक महोबा श्री पलाश बंशल के निर्देशन में जनपद महोबा में अपराध की रोकथाम एवं अपराधिक घटनाओं को कारित करने वाले वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी के अभियान के क्रम में आज दिनांक 23.10.24 को अपर पुलिस अधीक्षक श्रीमती बन्दना सिंह व क्षेत्राधिकारी नगर श्री दीपक दुबे के निकट पर्यवेक्षण में थाना कोतवाली महोबा प्रभारी निरीक्षक श्री नरेन्द्र प्रताप सिंह के नेतृत्व में उ0नि0 सुजीत कुमार जायसवाल द्वारा चलाये जा रहे वांछित अभियुक्तों की रोकथाम चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति से मु0अ0सं0 304/24 धारा धारा 363/366/376 भादवि व 3/4 पाक्सो एक्ट व 3(2)5 व 3(2)5क एससी/एसटी एक्ट के वांछित अभियुक्त शिवम सेन पुत्र सुरेश सेन उम्र करीब **19** वर्ष नि**0**ग्रा**0** काकून थाना चरखारी महोबा व हाल मुकाम काशीराम कालौनी एसपी आवास के पीछे थाना को**0**न**0** महोबा को हमीरपुर चुंगी महोबा के पास से नियमानुसार गिरफ्तार करते हुए आवश्यक कार्यवाही कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश करने हेतु भेजा गया।

गिरफ्तार अभियुक्त व नाजायज बरामदगी

शिवम सेन पुत्र सुरेश सेन उम्र करीब **19** वर्ष नि**0**ग्रा**0** काकून थाना चरखारी महोबा व हाल मुकाम काशीराम कालौनी एसपी आवास के पीछे थाना को**0**न**0** महोबा

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीमः-

1.उ0नि0 सुजीत कुमार जायसवाल चौकी प्रभारी भटीपुरा थाना कोतवाली नगर महोबा
2. हे0का0 करम शेर खां थाना कोतवाली नगर जनपद महोबा



थाना कोतवाली
जनपद - महोबा
थाना कोतवाली सत्यमेव जयते जनपद-महोबा

## महिला सशक्तिकरण हेतु चलाये जा रहे मिशन शक्ति फेज-5.0 अभियान के तहत रोस्टर के अनुसार जनपद के विभिन्न सचिवालय, गांव, मोहल्ला, वार्ड आदि में मिशन शक्ति जागरुकता चौपाल का आयोजन कर महिलाओं एवं बालिकाओं को जागरुक किया गया–

पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री पलाश बंसल के निर्देशन में तथा अपर पुलिस अधीक्षक श्रीमती वन्दना सिंह के निकट पर्यवेक्षण में जनपद महोबा में महिला सुरक्षा, महिला सम्मान व महिला स्वावलम्बन हेतु चलाए जा रहे विशेष अभियान मिशन शक्ति फेज-5.0 के तहत आज दिनांक-23.10.2024 को जनपद महोबा के समस्त थानों में गठित मिशन शक्ति बीट पुलिस अधिकारियों द्वारा सम्बन्धित राजस्व एवं ग्राम प्रधान व वार्ड मेम्बर की उपस्थिति में थानाक्षेत्र अवस्थित ग्राम सचिवालय/पंचायत भवन, मोहल्ला एवं वार्ड इत्यादि में चौपाल का आयोजन कर क्षेत्र की महिलाओं एवं बालिकाओं को जागरुक किया गया है।

चौपाल के दौरान मिशन शक्ति फेज-5.0 तहत महिला उत्पीड़न, महिला अपराध पर प्रभावी रोकथाम हेतु शासन एवं पुलिस द्वारा किये जा रहे विभिन्न प्रयासों एवं उनसे संबंधी अधिकारों एवं की जाने वाली कार्यवाही के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की गयी साथ महिला सशक्तिकरण हेतु चलायी जा रही विभिन्न योजनाओ के संबंध में जानकारी दी गयी साथ ही किसी भी अप्रिय घटना के बारे में संदेह होने पर विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों के बारे में जागरूक किया गया व गुड टच एवं बैड टच तथा उनके अधिकारों व महिला सम्बन्धी अपराध से बचाव हेतु उपायों के सम्बन्ध में जागरूक किया गया। जागरुकता पम्पलेट का वितरण किया गया है।

समस्त थाना क्षेत्रो में महिला पुलिसकर्मी (शक्ति दीदी) द्वारा शहरी एवं ग्रामीण अंचलों में जाकर गाँवों एवं मोहल्लों में चौपाल लगाकर महिलाओं/बालिकाओं/छात्र-छात्राओं को स्वयं की सुरक्षा हेतु विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों के बारे में जैसे- वुमेन पावर लाइन 1090, महिला हेल्पलाइन 181, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076, पुलिस आपातकालीन सेवा 112, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, स्वास्थ्य सेवा 102 एम्बुलेंस सेवा 108 व साइबर हेल्पलाइन 1930 तथा थानों के सीयूजी नम्बर आदि के बारे जानकारी देते हुए 24 घण्टे पुलिस सहायता प्रदान किये जाने व थानों में स्थापित महिला हेल्प डेस्क के सम्बन्ध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गयी तथा महिला अपराध आदि की जानकारी देते हुए उनके अधिकारों के प्रति जागरुक किया गया तथा सरकार द्वारा जारी विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं- सुरक्षित मातृत्व आश्वासन (सुमन) योजना, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, अभ्युदय योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना, राष्ट्रीय पोषण मिशन योजना, आयुष्मान योजना आदि के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी दी गयी एवं साथ ही साइबर अपराधों के बारें में साइबर हेल्पलाइन-1930 की जानकारी देकर जागरुक किया गया है।

**दिनांक 22.10.2024 को थाना कोतवाली नगर महोबा क्षेत्रअन्तर्गत मारपीट की घटना पर तत्काल अभियोग पंजीकृत कर नामित अभियुक्तों को पुलिस हिरासत में लेकर जेल भेजा जा रहा है, सूचना प्राप्त हुई है कि मजरुब की दौराने उपचार दु:खद मृत्यु हो गयी है। प्रकरण में सम्बन्धित धाराओं की वृद्धि करते हुए नियमानुसार आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है। सम्बन्ध में प्राप्त तहरीर पर  में**

**Abhiyog panjikrit kar abhiyukt ko hirasat mein lekar jail bheja ja raha hai. Soochna praapt hui hai ki majroob ki dauraane ilaaj dukhad mrityu ho gayi hai.**

**Dharaon mein vidhik vriddhi kar niyamanusar karyavahi ki ja rahi hai.**

PM va anya karyavahi ki ja rahi hai